


# केबीआर व्यवसाय आचार संहिता





## हम सत्यनिष्ठ लोग हैं




# सामग्री तालिका


**अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टुअर्ट ब्रैडी का संदेश** 2

**हम सत्यनिष्ठ लोग हैं** 3
- हमारी परिकल्पना और मूल्य 4
- हमारी आचार संहिता 5
- हमारी ज़िम्मेदारियाँ 6
- हम कैसे निर्णय लेते हैं 7
- हम कैसे मदद मांगते हैं, आवाज़ उठाते हैं और सवाल पूछते हैं 8
- हम गुमनामी और गोपनीयता का सम्मान करते हैं 9
- हम जवाबी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करते हैं 9

**एक दूसरे को महत्व देना** 10
- हम अपने कर्मचारियों और अनुबंधकर्ताओं को स्वस्थ और सुरक्षित रखते हैं 11
- हम सम्मानजनक कार्यस्थल को बढ़ावा देते हैं 12
- हम समानता और विविधता को अपनाते हैं 14

**सत्यनिष्ठा से काम करना** 15
- हम हितों के टकराव से बचते हैं 16
- हम रिश्वत और भ्रष्टाचार को रोकते हैं 18
- हम ज़िम्मेदारी से व्यावसायिक अनुग्रह देते हैं और प्राप्त करते हैं 20
- हम सत्यनिष्ठा के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय और व्यापार का संचालन करते हैं 21
- हम निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करते हैं 22
- हम ईमानदारी से प्रदर्शन करते हैं 23

**हमारी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों को महत्व देना** 24
- हम गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी की रक्षा करते हैं 25
- हम अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करते हैं 26
- हम गोपनीय और मालिकाना जानकारी की रक्षा करते हैं 27
- हम भेदिया व्यापार को रोकते हैं 28

**पारदर्शिता से काम करना** 29
- हम सरकारी ग्राहकों के साथ नैतिक और पारदर्शी रूप से काम करते हैं 30
- हम आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों के साथ नैतिक रूप से काम करते हैं 31
- हम सटीक रिकॉर्ड और खाते बनाए रखते हैं 32

**अपने समुदायों को महत्व देना** 33
- हम एक स्थायी भविष्य का निर्माण कर रहे हैं 34
- हम मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं 35
- हम अपने समुदायों के साथ जुड़ाव रखते हैं 36

**संसाधन और रिपोर्टिंग** 37



स्टुअर्ट ब्रैडी
अध्यक्ष और सीईओ

# अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टुअर्ट ब्रैडी का संदेश

केबीआर ने अपने ग्राहकों को समाधान देने की शानदार प्रतिष्ठा बनाई है और हमारे कर्मचारियों ने हमेशा बेहतरीन काम करने का प्रयास किया है। बेहतरीन काम करने का मतलब है सत्यनिष्ठा से काम करना। सत्यनिष्ठा के लिए ईमानदारी की आवश्यकता होती है और ईमानदारी से भरोसे का निर्माण होता है।

हमारी व्यावसायिक आचार संहिता ("संहिता") इस बात के लिए आवश्यक है कि हम टीमों की एक टीम के रूप में अपने आसपास की दुनिया पर कैसे परस्पर प्रभाव डालते हैं और सफलता प्राप्त करते हैं। यह संहिता हमारे एक केबीआर मूल्यों के अनुकूल है, विशेष रूप से "हम सत्यनिष्ठ लोग हैं" , जो हमारे सभी कार्यों का मार्गदर्शन करता है।

केबीआर की संहिता को और बेहतर बनाया गया है ताकि सभी कर्मचारियों का मार्गदर्शन प्रतिदिन की व्यावसायिक परिस्थितियों से निपटने के लिए किया जा सके। हमारी संहिता विशिष्ट मार्गदर्शन प्रदान करती है जो कि व्यवसाय, क्षेत्र या विभाग की परवाह किए बगैर हम सभी पर लागू होती है। बहुत ज़रूरी है कि हम इसका पालन करें ताकि सत्यनिष्ठा की हमारी संस्कृति को और बढ़ावा मिले और हम स्वयं और कंपनी को सुरक्षित बना सकें।

हालाँकि, इस संहिता में हर परिस्थिति को शामिल नहीं किया जा सकता है, इसलिए हमें अपने मूल्यों, विशेष रूप से सत्यनिष्ठा का पालन करना चाहिए। मैं तहे दिल से एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हूँ जहां कर्मचारी जवाबी कार्रवाई की भावना से डरे बिना संभावित कदाचार या हमारी संहिता से विपरीत व्यवहार के बारे में किसी भी चिंता की रिपोर्ट करने के लिए सशक्त महसूस करते हैं जिससे कि किसी भी समस्या का तुरंत समाधान निकाला जा सके।

ऐसी परिस्थितियाँ भी हो सकती हैं जब आपको अनुपालन या नैतिकता के कुछ निश्चित मामलों के बारे में सवाल पूछने की ज़रूरत पड़ सकती है जिनका संबंध आपसे हो। कृपया अपने प्रबंधक से या हमारी संहिता में सूचीबद्ध संसाधनों से सलाह या स्पष्टीकरण प्राप्त करें। केबीआर एथिक्स हॉटलाइन एक ऐसा संसाधन है जो कि बिज़नेस इंटीग्रिटी टीम से गोपनीय या गुमनाम रूप से बातचीत करने में आपकी मदद करता है।

मुझे केबीआर, इसके मूल्यों पर गर्व है और हम हर दिन अपना काम सत्यनिष्ठा से करते हैं। मैं आशा करता हूँ कि हम सभी उच्चतम नैतिक मानकों के साथ काम करना जारी रखेंगे ताकि हम सुरक्षित और स्थायी रूप से अपने वादे निभा सकें और एक दूसरे का और अपने ग्राहकों का समर्थन वर्तमान और भविष्य में कर सकें।



# हम सत्यनिष्ठ लोग हैं


- हमारी परिकल्पना और मूल्य
- हमारी आचार संहिता
- हमारी ज़िम्मेदारियाँ
- हम कैसे निर्णय लेते हैं
- हम कैसे मदद मांगते हैं, आवाज़ उठाते हैं और सवाल पूछते हैं
- हम गुमनामी और गोपनीयता का सम्मान करते हैं
- हम जवाबी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करते हैं

# हमारी परिकल्पना और मूल्य

हमारे ग्राहकों को उनके सबसे महत्वपूर्ण मिशन और उद्देश्य पूरे करने में मदद के लिए प्रौद्योगिकी और समाधान देने के लिए हम बेहतरीन और प्रतिभाशाली प्रतिभाओं को साथ में लेकर अधिक सुरक्षित, अधिक महफ़ूज़ और टिकाऊ दुनिया के निर्माण का प्रयास करते हैं।

हमारे मूल्य वे आवश्यक और स्थायी सिद्धांत हैं जो हमारी दिन-प्रतिदिन की व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन करते हैं और हमें एक कंपनी के रूप में परिभाषित करते हैं।




## हम अपने लोगों को महत्व देते हैं

हम अपने लोगों की परवाह करते हैं। हम कार्य का विविध और समावेशी वातावरण बनाने के लिए समर्पित हैं जिसमें टीमों की हमारी टीम का प्रत्येक सदस्य सुरक्षित, समर्थित, सम्मानित, विश्वसनीय और मूल्यवान महसूस करता है, और जहाँ प्रत्येक व्यक्ति को विकसित होने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के अवसर दिए जाते हैं।

## हम समाधान प्रदान करते हैं

हम अपने ग्राहकों के विश्वसनीय साथी हैं। हम मजबूत वाणिज्यिक और परिचालन अनुशासन को आधार बनाते हुए उनके लिए अभिनव, उच्च-गुणवत्ता, प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान और अपने सभी हितधारकों के लिए असाधारण, स्थायी मूल्य प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता से कोई समझौता नहीं करते हैं।

## हम सत्यनिष्ठ लोग हैं

हम वफ़ादार लोग हैं, जो ईमानदारी, भरोसे, साहस, निष्पक्षता, विवेक और दृढ़ता को महत्व देते हैं। हम इस ग्रह, जिन समुदायों में हम काम करते हैं उनके लिए और हमारे लोगों के लिए तथा हमारे व्यवसाय के लिए सही काम करने में विश्वास रखते हैं। हम अपनी सत्यनिष्ठा का त्याग नहीं करेंगे।

## हम सशक्त बनाते हैं

हम अपने सभी लोगों को साझा उद्देश्य, सही उपकरणों और सहायक संस्कृति से सशक्त बनाते हैं, ताकि वे सक्रियता से काम करें, बदलावों के अनुकूल ढलें और सफलता हासिल करें। हम भरोसा करते हैं कि वे अपनी मर्ज़ी से निर्णय लेते हैं, जो किसी भी चुनौती का सामना करने से नहीं घबराते और जो गर्व से अपने काम की ज़िम्मेदारी लेते हैं।

## हम टीमों की एक टीम हैं

व्यक्तिगत रूप से और कंपनी के तौर पर हमारे अंदर सफलता हासिल करने की ज़िद है, लेकिन हम अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों के बजाय टीमों की हमारी टीम की उपलब्धियों को महत्व देते हैं। हमारा सामूहिक फ़ोकस हमारी परिचालन उत्कृष्टता को समर्थन देता है, अपने ग्राहकों को समाधान देने के हमारे जुनून को बढ़ाता है और हमें बेहतर, ज़्यादा मज़बूत, ज़्यादा कुशल और प्रभावी कंपनी बनाता है। हम एक केबीआर हैं।

# हमारी आचार संहिता

हमारी व्यवसाय आचार संहिता केबीआर के लिए या उसकी ओर से काम करने वाले सभी लोगों के लिए नैतिकता मानकों और कानूनी सिद्धांतों के समूह की स्थापना करती है। हम अपनी संहिता और सभी लागू कानूनों के अनुपालन में अपने व्यवसाय का संचालन करते हैं। हम केबीआर के साथ या उसकी ओर से काम करने वाले हमारे व्यवसाय भागीदारों से भी इन्हीं नैतिक मानकों का पालन करने की अपेक्षा करते हैं।

यह संहिता हमारे द्वारा व्यवसाय का संचालन करने और अपने ग्राहकों, अपने समुदायों और एक-दूसरे पर परस्पर प्रभाव डालने के तरीकों का मार्गदर्शन करती है।

## अगर काम में सत्यनिष्ठा नहीं है, तो इसका मतलब है कि वो काम सही नहीं है!

इस संहिता या कानून का कोई भी उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें नौकरी से निष्कासन भी शामिल है। हमारी संहिता को पढ़ें, समझें और उसका पालन करें। हमारी संहिता से जुड़े किसी भी प्रशिक्षण में भाग लें और जानें कि केबीआर में आपकी भूमिका पर इसे कैसे लागू किया जाता है। एक केबीआर के रूप में, हमारी सत्यनिष्ठा अपनी संहिता का पालन करने पर निर्भर करती है।





# हमारी ज़िम्मेदारियाँ

**हम सभी अपनी संहिता के अनुसार काम करने के लिए ज़िम्मेदार हैं। कर्मचारियों के तौर पर हम:**

- अपने सभी व्यावसायिक लेन-देन में ईमानदारी और नैतिकता से काम करते हैं
- सभी लागू कानूनों और संहिता के अलावा केबीआर की नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करते हैं
- संहिता के किसी भी उल्लंघन की रिपोर्ट तुरंत प्रबंधक, पीपल फ़ंक्शन (मानव संसाधन विभाग), विधि विभाग, बिज़नेस इंटीग्रिटी टीम या एथिक्स हॉटलाइन से www.ethics.kbr.com पर करते हैं
- किसी नैतिक या कानूनी चुनौती का सामना होने पर प्रबंधक या विधि विभाग से मार्गदर्शन लेते हैं या एथिक्स हॉटलाइन से संपर्क करते हैं, जहाँ हम क्वेश्चन मैनेजर फ़ंक्शन के तहत प्रश्न पूछ सकते हैं

**पर्यवेक्षकों की अतिरिक्त ज़िम्मेदारियाँ होती हैं। जैसे कि:**

- नैतिक व्यवहार का निर्माण
- नैतिक संस्कृति और अखंडता-आधारित निर्णयों को बढ़ावा देना
- स्पष्ट बातचीत को बढ़ावा देना और ऐसे वातावरण का निर्माण करना जहाँ कर्मचारी अपनी चिंताओं के बारे में बताने में सहज महसूस करते हों
- प्रश्नों और चिंताओं के लिए मार्गदर्शन और प्रतिक्रिया प्रदान करना
- यह समझना कि उल्लंघनों के बारे में कब रिपोर्ट किया जाना है, समस्याओं के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराना या कंपनी विशेषज्ञों से मदद मांगना
- यह सुनिश्चित करना कि संहिता या कानून के संभावित उल्लंघनों के बारे में रिपोर्ट करने पर किसी भी कर्मचारी के प्रति जवाबी कार्रवाई नहीं की जाती हो

# हम कैसे निर्णय लेते हैं

जो सही है उसे करना हमेशा आसान या स्पष्ट नहीं होता है। संहिता एक उपयोगी उपकरण है, लेकिन यह संहिता हर परिस्थिति में मार्गदर्शन प्रदान नहीं कर सकती है। इसलिए, व्यावसायिक निर्णय हमेशा सत्यनिष्ठा पर आधारित होने चाहिए।



सत्यनिष्ठा आधारित निर्णय लेने में आपका मार्गदर्शन करने के लिए नीचे दी गई प्रतिक्रियाओं पर क्लिक करें।

क्या यह कार्रवाई संभवतः किसी भी कानून या नियम का उल्लंघन करेगी?

हाँ | नहीं

क्या यह कार्रवाई हमारी संहिता, नीतियों और प्रक्रियाओं से तालमेल खाती है?

हाँ | नहीं

क्या यह कार्रवाई केबीआर के मूल्यों से तालमेल खाती है और क्या इससे हमारे मिशन को आगे बढ़ाने और हमारी प्रतिष्ठा को बेहतर करने में मदद मिलेगी?

हाँ | नहीं

क्या इस कार्रवाई से ग्राहकों या व्यवसाय भागीदारों से हमारे संबंधों को संभवतः नुकसान पहुंचेगा?

हाँ | नहीं

अगर इस कार्रवाई का खुलासा किया गया, तो क्या इससे पता चलेगा कि मैंने सत्यनिष्ठा से काम किया? अगर इस कार्रवाई को सार्वजनिक किया गया तो क्या मुझे सहज महसूस होगा?

हाँ | नहीं

# हम कैसे मदद मांगते हैं, आवाज़ उठाते हैं और सवाल पूछते हैं



सत्यनिष्ठ लोगों के तौर पर हमारे ऊपर ज़िम्मेदारी है कि हम संहिता के किसी भी उल्लंघन के बारे में रिपोर्ट करें और हम कर्मचारियों और दूसरों से अपेक्षा करते हैं कि वे अनैतिक व्यवहार और आचरण के बारे में रिपोर्ट करें जो हमारी संहिता के अनुरूप नहीं हो। इसका मतलब है कि हमारी चिंताओं के बारे में आवाज़ उठाना, भले ही हमारे पास पर्याप्त जानकारी न हो। कई मामलों में, हम अपनी चिंताओं की जानकारी प्रबंधक को दे सकते हैं, जो हमें उचित कार्रवाई पर चर्चा करने में मदद कर सकते हैं।

केबीआर एथिक्स हॉटलाइन का संचालन एक स्वतंत्र कंपनी द्वारा किया जाता है। यह सुविधा दिन के 24 घंटे, सप्ताह के सात दिन अनेक भाषाओं में उपलब्ध है। एथिक्स हॉटलाइन का उपयोग केबीआर के भीतर या बाहर किसी भी व्यक्ति द्वारा गोपनीय रिपोर्ट करने के लिए किया जा सकता है।

एथिक्स हॉटलाइन में "क्वेश्चन मैनेजर" नामक विशेषता है जिसके उपयोग से हम प्रश्न जमा कर सकते हैं या बिज़नेस इंटीग्रिटी टीम से अनुपालन या नैतिकता संबंधी समस्याओं पर स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। इसी तरह संभावित उल्लंघनों, प्रश्नों या चिंताओं के बारे में रिपोर्ट को गुमनाम तरीके से एथिक्स हॉटलाइन में जमा किया जा सकता है।

### केबीआर पर, आप यहाँ संपर्क कर सकते हैं:

- एथिक्स हॉटलाइन (गुमनाम रहने का विकल्प शामिल है)
  - वेब:
    - www.ethics.kbr.com
  - कॉल करें:
    - संयुक्त राज्य अमेरिका: (800) 461-9330
    - यूनाइटेड किंग्डम: 0808 189 1053
    - अन्य सभी देशों में टेलीफोन नंबरों के लिए, www.ethics.kbr.com से संपर्क करें
  - 832-479-1340 पर "Report" टेक्स्ट करें (केवल अमेरिका में उपलब्ध)
- fhoukbrcode@kbr.com पर बिज़नेस इंटीग्रिटी निदेशक
- मेल द्वारा बिज़नेस इंटीग्रिटी टीम:
  - पी.ओ. बॉक्स 2464, ह्यूस्टन, टीएक्स 77252-2464 यूएसए
- केबीआर विधि विभाग के उपयुक्त प्रतिनिधि; लेखा परीक्षा सेवाएं; पीपल फ़ंक्शन (मानव संसाधन विभाग); स्वास्थ्य, सुरक्षा, सुरक्षा और पर्यावरण; या अन्य अनुपालन-संबंधित विभाग
- आपके पर्यवेक्षक या प्रबंधक
- कार्यकारी लीडरशिप टीम के सदस्य

**और जानें**
Frequently Asked Questions (FAQs) on Reporting

## हम गुमनामी और गोपनीयता का सम्मान करते हैं

आप गोपनीय या गुमनाम रूप से संहिता से जुडी चिंताओं या इसके संदिग्ध उल्लंघनों के बारे में रिपोर्ट कर सकते हैं। एथिक्स हॉटलाइन को गुमनाम रिपोर्ट की जा सकती है जिसका प्रबंधन एक स्वतंत्र तीसरे पक्ष द्वारा किया जाता है। यदि आप एथिक्स हॉटलाइन के माध्यम से कोई गुमनाम रिपोर्ट बनाते हैं, तो केबीआर आपकी पहचान नहीं जान पाएगा, लेकिन मैसेजिंग सिस्टम के माध्यम से आपके साथ बातचीत कर सकेगा। यदि आप गुमनाम रहना चाहते हैं, तो हम चाहेंगे कि आप पर्याप्त विवरण और तथ्यात्मक जानकारी प्रदान करें ताकि हम आपकी चिंता पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकें।

## हम जवाबी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करते हैं

हमारी सत्यनिष्ठा की मांग है कि हम आवाज़ उठाएँ। हम कभी भी उन लोगों के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई नहीं करते हैं जो नेक-नीयत से चिंताओं की जानकारी देते हैं। हमारे लोग और टीम अपना सर्वश्रेष्ठ काम करने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी पर भरोसा करते हैं। डराने-धमकाने या अन्य नकारात्मक प्रभावों के सामने हम उन मूल्यों का पोषण नहीं कर सकते। इस तरह के व्यवहार को हमारे कार्यस्थलों में बर्दाश्त नहीं किया जाता है, और हम कदाचार के आरोपों से संबंधित किसी भी पूछताछ या जाँच में पूरा सहयोग करते हैं।

संहिता या कानून के संभावित उल्लंघन के बारे में रिपोर्ट करने के लिए केबीआर जवाबी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करता है। केबीआर उम्मीद करता है कि ऐसी रिपोर्ट नेक-नीयत से की जाएगी। इसका मतलब यह नहीं है कि रिपोर्टर के पास सभी तथ्य होने चाहिए; रिपोर्टर को बेझिझक सवाल पूछना चाहिए और चिंता संबंधी किसी भी मुद्दे के बारे में रिपोर्ट करनी चाहिए, जवाबी कार्रवाई के डर के बिना। हालाँकि, जो रिपोर्टें जानबूझकर झूठी बनाई जाती हैं या दुर्भावनापूर्ण होती हैं, उन्हें नेक-नीयत से नहीं बनाया गया होता है और ऐसा करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

निषिद्ध प्रतिशोध में ऐसे कर्मचारियों और अन्य लोगों के विरुद्ध उत्पीड़न या धमकी शामिल हो सकती है जो कदाचार के आरोपों के बारे में रिपोर्ट करते हैं या दूसरों को रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। किसी भी प्रकार का प्रतिशोधी व्यवहार, रिपोर्टिंग को हतोत्साहित करने के प्रयास, और कदाचार को छिपाना हमारे मूल्यों के अनुरूप नहीं है और इसके परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें नौकरी से निष्कासन भी शामिल है।

इस संहिता में शामिल कोई भी जानकारी कर्मचारियों को किसी भी समय कंपनी को मामले की जानकारी दिए बिना या पूर्व मंज़ूरी लिए बिना उपयुक्त सरकारी अधिकारियों को कानून के संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करने के अपने कानूनी अधिकारों या कर्तव्यों का प्रयोग करने से नहीं रोकती है।





# एक दूसरे को महत्व देना

- हम अपने कर्मचारियों और अनुबंधकर्ताओं को स्वस्थ और सुरक्षित रखते हैं
- हम सम्मानजनक कार्यस्थल को बढ़ावा देते हैं
- हम समानता और विविधता को अपनाते हैं

# हम अपने कर्मचारियों और अनुबंधकर्ताओं को स्वस्थ और सुरक्षित रखते हैं

केबीआर की व्यावसायिक सफलता हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में लगातार सुधार करने की क्षमता पर निर्भर करती है, साथ ही कंपनी के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से काम करने वालों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सलामती की रक्षा भी करती है। हमें सभी कर्मचारियों और अनुबंधकर्ताओं से स्वास्थ्य, सुरक्षा, सलामती और पर्यावरण (एचएसएसई) के प्रति सक्रिय प्रतिबद्धता और जवाबदेही की आवश्यकता है। यह प्रतिबद्धता हमारे ग्राहकों, कर्मचारियों, अनुबंधकर्ताओं, हितधारकों और उन समुदायों के सर्वोत्तम हित में है जहां हम रहते हैं और काम करते हैं।

## हम अपने कर्मचारियों और अनुबंधकर्ताओं को कैसे स्वस्थ और सुरक्षित रखते हैं

- हर समय अपने कर्मचारियों और अनुबंधकर्ताओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सलामती को सुरक्षित और बेहतर बनाने का प्रयास करें
- शून्य क्षति संस्कृति के माध्यम से घटनाओं की रोकथाम करें
- ग्राहकों की निर्दिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करें और सुनिश्चित करें कि ग्राहक हर समय संतुष्ट रहे
- प्रभावी प्रबंधन प्रणाली के उपयोग के माध्यम से एचएसएसई के उद्देश्यों को निर्धारित करें, परिणामों को मापें, और प्रक्रियाओं तथा सेवाओं का आकलन करें और उनमें लगातार सुधार करें
- लाइन प्रबंधन को एचएसएसई नीति और प्रक्रियाओं के संचार, कार्यान्वयन और अनुपालन में नेतृत्व की भूमिका निभानी चाहिए
- इंजीनियरिंग और डिज़ाइन के सभी एचएसएसई पहलुओं के लिए तकनीकी कौशल लागू करें
- हितधारकों के साथ स्पष्ट संवाद करें और एचएसएसई नीति, कार्यक्रम और प्रक्रियाओं की समझ सुनिश्चित करें
- एचएसएसई के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करें

ZERO HARM®
COURAGE TO CARE

### शून्य क्षति और देखभाल का साहस

केबीआर में, हम मानते हैं कि शून्य क्षति को हासिल किया जा सकता है। हमारा मानना है कि कार्यस्थल की सभी घटनाएं रोकी जा सकती हैं। हमारी करेज टू केयर कंवर्सेशन प्रक्रिया अवलोकन, हस्तक्षेप और बातचीत के माध्यम से असुरक्षित कार्यों के प्रति लगातार जागरूकता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। करेज टू केयर कंवर्सेशन प्रक्रिया का लक्ष्य कार्य के वातावरण का निरंतर आकलन करना और लोगों और उनके कार्यों पर ध्यान देना है।

असुरक्षित कार्य ऐसे व्यक्तिगत व्यवहार हैं जो किसी घटना का कारण बन सकते हैं। किसी असुरक्षित कार्य को देखने पर, करेज टू केयर कंवर्सेशन प्रक्रिया के तहत पर्यवेक्षक को तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता होती है, न केवल असुरक्षित कार्य को सही करने के लिए, बल्कि अपने व्यक्तिगत सुरक्षा मानक की जानकारी देने के लिए भी। इस प्रकार से खतरे की समझ उत्पन्न होती है और इसके अलावा उन व्यक्तियों से सुरक्षा के प्रति वचन मिलता है जिन्होंने उस असुरक्षित कार्य को देखा और भाग लिया।

और जानें

Global HSSE

# हम सम्मानजनक कार्यस्थल को बढ़ावा देते हैं

क्योंकि हम अपने लोगों की परवाह करते हैं, हमारा मानना है कि सभी कर्मचारियों से आदर और सम्मान से व्यवहार किया जाना चाहिए। इसका अर्थ है योग्यता के आधार पर एक-दूसरे के योगदान को स्वीकार करना और सभी को केबीआर में योगदान करने और सफल होने के समान अवसर प्रदान करना। हम किसी भी तरह का उत्पीड़न या भेदभाव बर्दाश्त नहीं करते हैं। अपनी टीमों को अपना सर्वश्रेष्ठ काम करने के लिए सशक्त बनाने के लिए, हम कार्य का ऐसा वातावरण बनाए रखते हैं जहां सभी के अधिकारों और क्षमताओं का सम्मान किया जाता है।

## हम कैसे सम्मानजनक कार्यस्थल को बढ़ावा देते हैं

- हमेशा दूसरों के साथ सम्मान से व्यवहार करें, फिर चाहे टीम के सदस्यों, हमारे ग्राहकों या हमारे व्यावसायिक भागीदारों के साथ बातचीत क्यों न की जा रही हो
- इस बात का ध्यान रखें किदूसरे लोग हमारे कार्यों और शब्दों का अर्थ क्या लगा सकते हैं
- हम निम्नलिखित के आधार पर भेदभाव या उत्पीड़न में संलग्न नहीं हैं:
  - नस्ल
  - रंग
  - धार्मिक आस्थाएं
  - राष्ट्रीय मूल या वंश
  - लिंग, गर्भावस्था, यौन अभिविन्यास, लिंग, लिंग पहचान, लिंग अभिव्यक्ति, या उभयलिंगी स्थिति
  - शारीरिक या मानसिक विकलांगता
  - आयु
  - भूतपूर्व सैनिक या सैनिक
  - आनुवंशिक जानकारी
  - लागू कानून द्वारा संरक्षित कोई अन्य दर्जा या विशेषता
- कभी भी अश्लील या संकेतात्मक टिप्पणियों या हिंसा, प्रतिकूल रोज़गार कार्यों या अनुकूल रोज़गार कार्यों के वादों सहित किसी भी तरीके से धमकी न दें या ज़बरदस्ती नहीं करें
- भर्ती और पदोन्नति के सारे निर्णय योग्यता और निष्पक्षता के आधार पर लें
- कार्यस्थलों में भेदभाव, उत्पीड़न या अनादर का अनुभव करने या जानकारी पाने पर आवाज़ उठाएँ





## उत्पीड़न को समझना

हो सकता है उत्पीड़न जानबूझकर किया गया हो, पर ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण है धारणा। हमें ऐसा कुछ भी नहीं करना चाहिए या नहीं कहना चाहिए जो दूसरों को आपत्तिजनक लगे। उत्पीड़न अनेक प्रकार से किया जा सकता है:

- हम जो कहते या लिखते हैं, जैसे अभद्र या आपत्तिजनक टिप्पणी या अनादार, जिसमें किसी की जाति, जातीयता या लिंग के साथ-साथ यौन टिप्पणी या अनुरोध, या धमकी या अपमानजनक भाषा का प्रयोग शामिल है और जो यहीं तक सीमित नहीं है
- हम जो करते हैं, जिसमें किसी की मर्ज़ी के बिना उसे छूना या रास्ता रोकना शामिल है
- हम जो प्रदर्शित करते हैं, जैसे कि अश्लील या आपत्तिजनक चित्र या वेबसाइट जिन्हें कार्यालय के किसी कंप्यूटर पर खोला जाता है
- हम इलेक्ट्रॉनिक संदेश या सोशल मीडिया के माध्यम से जो बातचीत करते हैं

## जवाब देना

**प्रश्न** मुझे हाल ही में रणनीतिक विकास टीम के सदस्य के रूप में काम पर रखा गया था। अपने कार्यक्षेत्र को स्थापित करने के लिए, मैंने सैम नामक एक आंतरिक आईटी सहायक के साथ बैठक का आयोजन किया। कंप्यूटर सेट करने में मेरी मदद करते समय सैम ने अपना हाथ मेरी जांघ पर रखा दिया। मैंने कुछ नहीं कहा, और सैम ने मेरा कंप्यूटर पूरा सेट कर दिया। घटना बीत जाने पर मुझे राहत मिली, लेकिन अब कुछ भी मरम्मत या अपडेट कराने की आवश्यकता होने पर आईटी विभाग से संपर्क करते समय मुझे घबराहट होती है। मुझे क्या करना चाहिए?

**उत्तर** सैम का व्यवहार अस्वीकार्य है। कार्यस्थल पर अनुचित रूप से स्पर्श करने की इजाज़त नहीं दी जाती है। आपको अपने प्रबंधक, पीपल फ़ंक्शन (मानव संसाधन विभाग) या बिजनेस इंटीग्रिटी टीम को अपनी स्थिति के बारे में बताना चाहिए, या घटना की रिपोर्ट एथिक्स हॉटलाइन को देनी चाहिए।

**प्रश्न** मैंने अभी केबीआर में काम करना शुरू किया है, और कुल मिलाकर, मैं बहुत उत्साहित हूँ। दुर्भाग्य से, मेरे एक सहयोगी ने मुझे बहुत असहज कर दिया है। अपनी पहली मुलाकात में मैंने देखा कि लैंडन नाम का एक सहकर्मी मुझे घूर रहा था। उस दिन बाद में मुझे उनसे एक ईमेल मिला। उस ईमेल में, उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें कंपनी डायरेक्टरी में मेरा ईमेल पता मिला और उन्हें लगता है कि मैं सुंदर हूँ। ज़ाहिर है, उन्होंने मेरे इंस्टाग्राम और फेसबुक पेज को भी ढूंढ निकाला। उस शाम घर आने पर मुझे दोनों खातों में उनसे फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली। अगले दिन उनसे मिलने पर मैंने उन्हें कहा कि वे मुझे मैसेज करना बंद कर दें। उसके बाद मैंने देखा कि मुझे कई बैठकों में शामिल नहीं किया गया और मुझे मिलने वाले असाइनमेंट भी कम हो गए। मुझे नहीं मालूम यदि इसका संबंध मेरे काम से है। मुझे क्या करना चाहिए?

**उत्तर** क्योंकि केबीआर में उत्पीड़न और प्रतिशोध को गंभीरता से लिया जाता है, आपको तुरंत किसी प्रबंधक या पीपल फ़ंक्शन (मानव संसाधन विभाग) से अपनी स्थिति पर चर्चा करनी चाहिए, या बिजनेस इंटीग्रिटी टीम, विधि विभाग या एथिक्स हॉटलाइन को मामले के बारे में रिपोर्ट करनी चाहिए। मामले पर विचार किया जाएगा और यह निर्धारित करने के लिए जाँच की जाएगी कि क्या संहिता या अन्य केबीआर नीति का उल्लंघन हुआ है।

# हम समानता और विविधता को अपनाते हैं



हमारा मानना है कि हमारी व्यक्तिगत भिन्नताएं और दृष्टिकोण हमारी टीमों के महत्व को बढ़ाते हैं और हमें सबसे चुनौतीपूर्ण समस्याओं के समाधान विकसित करने में मदद करते हैं। हम समझते हैं कि अपनी भिन्नताओं को गले लगाने और एक साथ काम करने से, हम अधिक पथ प्रदर्शक, अधिक लचीले और अधिक सुरक्षित बनते हैं। हमारी टीमों का विकास तभी होता है जब हम सभी को अपनी राय देने का अधिकार दिया जाता है। विविध और समावेशी दृष्टिकोण हमारे निर्णयों में सुधार करते हैं और काम करने के शानदार स्थान के रूप में हमारी प्रतिष्ठा बनाए रखते हैं। हम प्रतिभाओं को आकर्षित करना और सभी प्रकार के लोगों से उनके विचार हासिल करना जारी रखेंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि सभी लोग सहजता से भागीदारी करें — चाहे कुछ भी पहचान हो — रचनात्मकता में वृद्धि करें और बढ़िया समाधान प्रदान करें।

## किस प्रकार से हम समानता और विविधता को अपनाते हैं

- हमारी टीमों का निर्माण करते समय हमेशा विविधता को ध्यान में रखें
- टीम के सभी सदस्यों के साथ स्पष्ट रूप से बातचीत करें
- समाधान खोजने के लिए सक्रिय रूप से विभिन्न दृष्टिकोणों की तलाश करें और उनका स्वागत करें
- सभी नज़रियों और दृष्टिकोण को सुनें
- अगर ऐसा लगे कि हमारे विचारों या दूसरों के विचारों का सम्मान नहीं किया जा रहा है तो आवाज़ उठाएँ

### और जानें

Stuart Bradie Signs CEO Action for Diversity and Inclusion Pledge I KBR



# सत्यनिष्ठा से काम करना

- हम हितों के टकराव से बचते हैं
- हम रिश्वत और भ्रष्टाचार को रोकते हैं
- हम ज़िम्मेदारी से व्यावसायिक शिष्टाचार देते हैं और प्राप्त करते हैं
- हम सत्यनिष्ठा के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय और व्यापार का संचालन करते हैं
- हम निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करते हैं
- हम ईमानदारी से प्रदर्शन करते हैं

# हम हितों के टकराव से बचते हैं

टीमों की एक टीम के रूप में, हम व्यक्तिगत हितों को केबीआर के सर्वोत्तम हितों से पहले कभी नहीं रखते हैं। व्यक्तिगत संबंधों या अन्य हितों को अपने निर्णय लेने में बाधा डालने की अनुमति नहीं देने पर ही हम सर्वोत्तम समाधान प्रदान कर सकते हैं। वास्तविक या संभावित हितों के टकराव से निपटते समय हम ईमानदार, नैतिक और पारदर्शी होते हैं। यहाँ तक कि हितों के टकराव की उपस्थिति केबीआर की प्रतिष्ठा के लिए जोखिम पैदा कर सकती है और हमारे कार्यबल के मनोबल को प्रभावित कर सकती है।


## हम हितों के टकराव से कैसे बचते हैं

- निष्पक्ष रहते हुए और पक्षपात के बिना निर्णय लें
- उन स्थितियों, रिश्तों या गतिविधियों के प्रति सतर्क रहें जो हमारी निष्पक्षता को प्रभावित कर सकते हैं
- किसी प्रबंधक, विधि विभाग या बिजनेस इंटीग्रिटी टीम को हितों के किसी भी संभावित टकराव का तुरंत खुलासा करें; हितों के संभावित टकराव की स्थिति में पारदर्शिता महत्वपूर्ण होती है
- खुद को ऐसे निर्णयों से दूर रखें जिनमें अपने स्वयं के हितों का संभावित टकराव शामिल हो
- किसी भी करीबी रिश्तेदार को नौकरी पर रखने या व्यवसाय करने की प्रक्रिया में भाग लेने से खुद को दूर रखें
- ऐसे वित्तीय हितों का खुलासा करें जो केबीआर के हितों के साथ टकराव रख सकते हैं
- बोर्ड के सदस्यों, सीईओ और वरिष्ठ प्रबंधन, और केबीआर फ़ंड या संपत्ति के उपयोग की देखरेख करने वाले कर्मचारियों के लिए सभी अनूठी रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं का पालन करें
- कंपनी को हितों के संगठनात्मक टकराव से बचने में मदद करने के लिए प्रक्रियाओं का उपयोग करें

### हितों के टकराव को समझना

हितों का टकराव तब उत्पन्न हो सकता है जब हमारे व्यक्तिगत संबंध या हित केबीआर के सर्वोत्तम हितों के अनुरूप नहीं होते हैं, जो हमारी निष्पक्षता को प्रभावित कर सकते हैं। इसके कई रूप हो सकते हैं:

- केबीआर के अलावा अन्य किसी इकाई के निदेशक या सलाहकार के रूप में कार्य करना
- संभावित प्रतियोगी, ग्राहक या आपूर्तिकर्ता में वित्तीय रुचि रखना
- अन्य कर्मचारियों, विक्रेताओं या व्यावसायिक भागीदारों के साथ व्यक्तिगत वित्तीय लेन-देन में संलग्न होना
- कोई दूसरी नौकरी करना जो केबीआर के हितों से टकराव रखता है या नौकरी के प्रदर्शन पर असर डालता है
- किसी करीबी रिश्तेदार को नौकरी पर रखना या उसका पर्यवेक्षण करना
- किसी ऐसे आपूर्तिकर्ता के साथ केबीआर का व्यवसाय करना जो करीबी रिश्तेदार है
- किसी सहकर्मी के साथ रोमांटिक संबंध रखना, विशेष रूप से वह जो आपको रिपोर्ट करता है



### सत्यनिष्ठ लोग

सत्यनिष्ठ लोगों के तौर पर जो ईमानदारी को महत्व देते हैं, हम जानते हैं कि हितों के संभावित टकराव को छिपाने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपके प्रबंधक, विधि विभाग और बिजनेस इंटीग्रिटी टीम सभी मार्गदर्शन देने के लिए उपलब्ध हैं। याद रखें कि हितों के टकराव की उपस्थिति भी हमारी और आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचा सकती है। हमेशा संभावित टकरावों का खुलासा करें और अनिश्चित होने पर सलाह लें।

# सत्यनिष्ठा को चुनना

कभी-कभी किसी अवसर के कारण हितों का टकराव हो सकता है। वह अवसर आप अकेले के लिए हो सकता है, या केबीआर के लिए हो सकता है। यह तय करने के लिए कि क्या कोई विरोध उत्पन्न होने की संभावना है, दाईं ओर दिए गए प्रश्नों पर विचार करें।

## जवाब देना

**प्रश्न** मैं बारह साल से केबीआर में इंजीनियर के पद पर हूँ। मेरी टीम ने अभी-अभी एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, और मैं उसे एक इनाम देना चाहता/चाहती हूँ। मुझे लगता है कि टीम को डिनर कराना काफी होगा। मेरा भाई खानपान व्यवसाय का मालिक है और बड़े समूहों की ज़रूरत को पूरा कर सकता है। क्या मुझे उनसे हमारे खाने के खानपान के बारे में बात करनी चाहिए?

**उत्तर** नहीं इससे हितों का टकराव पैदा हो सकता है। हम केबीआर में अपने दर्जे का उपयोग परिवार के किसी करीबी सदस्य के साथ व्यापार करने के लिए नहीं कर सकते, भले ही उस परिवार के सदस्य का व्यवसाय हमारे साथ प्रतिस्पर्धा न करता हो। आप अपने प्रबंधक या विधि विभाग के साथ अपनी स्थिति पर चर्चा कर सकते हैं। यदि आप अपने भाई के व्यवसाय के संबंध में लिए जाने वाले किसी भी निर्णय में शामिल नहीं होते हैं, तो केबीआर भविष्य के कार्यक्रमों के लिए उनकी खानपान सेवाओं का उपयोग करने पर विचार कर सकता है।

### और जानें

Outside Business and Conflicts of Interest Form

**नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के उत्तर पर क्लिक करें जिससे कि आपको यह निर्णय लेने में मदद मिले कि कोई संभावित टकराव मौजूद है या नहीं।**

**क्या व्यक्तिगत अवसर में केबीआर आपूर्तिकर्ता, प्रतियोगी या व्यावसायिक भागीदार शामिल है, या यह केबीआर के समान व्यवसाय में शामिल है?**

हाँ | नहीं

**क्या व्यक्तिगत अवसर केबीआर में अपने नौकरी कर्तव्यों को पूरा करने की आपकी क्षमता को कम करेगा या बाधा पहुँचाएगा?**

हाँ | नहीं

**क्या व्यक्तिगत अवसर केबीआर की ओर से निष्पक्ष व्यावसायिक निर्णय लेने की आपकी क्षमता में बाधा पहुँचाएगा या आप केबीआर के साथ प्रतिस्पर्धा करने का कारण बनेंगे?**

हाँ | नहीं

**क्या परिवार के सदस्य केबीआर को अवसर प्रदान करने में शामिल हैं?**

हाँ | नहीं

**क्या आपको केबीआर की ओर से निष्पक्ष व्यावसायिक निर्णय लेने में परेशानी होगी, या क्या दूसरों को लगेगा कि कोई भी निर्णय निष्पक्ष नहीं था?**

हाँ | नहीं

# हम रिश्वत और भ्रष्टाचार को रोकते हैं

व्यावसायिक संबंधों का निर्माण और रखरखाव करते समय, हम हमेशा सत्यनिष्ठा के साथ काम करते हैं। हम किसी भी परिस्थिति में रिश्वत या अनुचित भुगतान देने या प्राप्त करने पर रोक लगाते हैं। भ्रष्टाचार उन समुदायों को नुकसान पहुँचाता है जहाँ हम व्यापार करते हैं और इसके कारण भारी जुर्माना लगाया जा सकता है और यहाँ तक कि कारावास भी हो सकता है। यह हमारी प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुँचा सकता है। रीति-रिवाज़ या कानून पर ध्यान दिए बिना, हम अपने मूल्यों से समझौता किए बिना दुनिया के विभिन्न स्थानों में व्यवसाय करते हैं। विकसित होने के साथ-साथ हम अपनी सत्यनिष्ठा पर अडिग रहते हैं।

## हम रिश्वत और भ्रष्टाचार को किस प्रकार रोकते हैं

- कभी भी किकबैक, घूस, रिश्वत सहित अनुचित भुगतान न करें, पेशकश न करें, उसकी मंज़ूरी नहीं दें या उसे स्वीकार न करें
- सरकारी कर्मचारियों के साथ काम करते समय अनुचित भुगतान के बारे में अतिरिक्त सावधानी बरतें
- सहयोग से पहले सरकारी स्वामित्व वाली संस्थाओं सहित संभावित व्यावसायिक भागीदारों पर उपयुक्त जोखिम-आधारित उचित जाँच करें
- भुगतान करने के लिए कभी भी ऐसे किसी तीसरे पक्ष का उपयोग न करें जिसका उपयोग हम खुद नहीं करेंगे
- संभावित अनुचित भुगतानों से संबंधित किसी भी चिंता के बारे में तुरंत रिपोर्ट करें
- कभी भी सुविधा भुगतान या शीघ्र भुगतान न करें, जो कि किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को किया जाने वाला भुगतान होता है ताकि किसी गैर-सरकारी नियमित सरकारी कार्रवाई के प्रदर्शन को तेज़ या सुरक्षित किया जा सके
- केबीआर की सारी भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन विशेष रूप से कुछ लेन-देन के लिए अनुमोदन और प्रलेखन आवश्यकताओं के बारे में हमेशा करें



## रिश्वत या अनुचित भुगतान क्या है?

रिश्वत या अनुचित भुगतान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी को अनुचित, अवैध, अपने कर्तव्य के उल्लंघन में, या अनुचित लाभ हासिल करने के लिएप्रभावित करने के लिए धन, उपहार या किसी भी मूल्यवानवस्तु की पेशकश करना, देना या प्राप्त करना है।

रिश्वत और अनुचित भुगतान के कई रूप हो सकते हैं और इसमें मौद्रिक आदान-प्रदान के अलावा मूर्त वस्तुएं (उपहार) और अमूर्त (वादे) वस्तुएं शामिल हो सकते हैं। विदेशी अधिकारियों के साथ, सरकारी अनुबंधों के साथ, या वाणिज्यिक व्यवसाय में व्यवहार करते समय अनुचित भुगतान किए जा सकते हैं। यदि आपको लगता कि अनुचित भुगतान शामिल हो सकता है, तो भ्रष्टाचार विरोधी अनुपालन और बिजनेस इंटीग्रिटी टीमों या एथिक्स हॉटलाइन सहित विधि विभाग के किसी सदस्य को अपनी चिंता के बारे रिपोर्ट करें।

### और जानें

Anti-Corruption Compliance
Anti-Corruption Procedures

# सत्यनिष्ठा को चुनना

विभिन्न प्रकार के अनुचित भुगतानों के बारे में जानने के लिए प्रत्येक गोले पर क्लिक करें।






# हम ज़िम्मेदारी से व्यावसायिक अनुग्रह देते हैं और प्राप्त करते हैं

हमारे ग्राहकों के विश्वसनीय भागीदार के रूप में, हम कभी भी व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने के लिए उपहार या अन्य अनुग्रह न तो देते हैं और न ही प्राप्त करते हैं। यहाँ तक कि प्रभाव की उपस्थिति भी हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचा सकती है। वैसे तो कभी-कभी हम व्यवसाय करने और संबंधों के निर्माण के सामान्य हिस्से के रूप में अनुग्रह कर सकते हैं, लेकिन हम कभी भी इन्हें हमारे व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने की अनुमति नहीं देते हैं। हमारी सफलता उस मूल्य पर आधारित है जिसे हम अपने लोगों, हमारी सत्यनिष्ठा और हमारे अभिनव समाधानों के माध्यम से प्रदान करते हैं। हम कभी भी अनुचित अनुग्रह की पेशकश या उन्हें स्वीकार नहीं करते हैं।

## हम किस प्रकार ज़िम्मेदारी से व्यावसायिक अनुग्रह करते हैं और प्राप्त करते हैं

- कभी भी तीसरे पक्षों को या उनसे महंगे या लगातार अनुग्रह (जैसे, उपहार, आतिथ्य, यात्रा या मनोरंजन) प्रदान या स्वीकार न करें
- गिफ़्ट कार्ड सहित कभी भी नकद या नकद समकक्ष न दें और न स्वीकार करें
- कभी भी तीसरे पक्ष से अनुग्रह का अनुरोध न करें
- कभी भी किसी ऐसे आपूर्तिकर्ता या संभावित आपूर्तिकर्ता से अनुग्रह स्वीकार न करें जिसका हम वर्तमान में मूल्यांकन कर रहे हैं या जिसके साथ हम बातचीत कर रहे हैं क्योंकि इससे अभद्रता का आभास हो सकता है
- केबीआर की भ्रष्टाचार विरोधी प्रक्रियाओं का पालन करें, जिनमें उन परिस्थितियों के बारे में बताया गया है जब उपहार, आतिथ्य, यात्रा या मनोरंजन दिया जा सकता है या प्राप्त किया जा सकता है, जिसमें सरकारी अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों को अनुग्रह प्रदान करना भी शामिल है

### उचित और प्रथागत अनुग्रह

उचित और प्रथागत व्यावसायिक भोजन, मनोरंजन और उपहार तब तक दिए या प्राप्त किए जा सकते हैं जब तक कि उपहार या प्राप्ति अभद्रता की उपस्थिति पैदा नहीं करती है और हमारी प्रक्रियाओं का अनुसरण करती है। ऐसी सभी गतिविधियों को हमारी प्रक्रियाओं के अनुसार रिपोर्ट, अनुमोदित और कार्यान्वित किया जाना चाहिए। किसी विशिष्ट प्रक्रिया की अनुपस्थिति में, अनुग्रह को पर्यवेक्षक द्वारा अग्रिम रूप से सूचित और अनुमोदित किया जाना चाहिए।

### जवाब देना

**प्रश्न** मैं खरीद विभाग में काम करता/करती हूँ। क्या मुझे आपूर्तिकर्ता से दोपहर के व्यावसायिक भोजन के निमंत्रण को स्वीकार करने की अनुमति है?

**उत्तर** यह निर्भर करता है। दोपहर का व्यावसायिक भोजन एक उचित और प्रथागत अनुग्रह हो सकता है। हालाँकि, खरीद में आपकी भूमिका को देखते हुए, जबकि आपके पास निर्णय को प्रभावित करने की क्षमता है, आपको विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रतिपूर्ति के लिए हमेशा पूर्व-मंज़ूरी प्राप्त करें और प्रक्रियाओं का पालन करें।

व्यावसायिक अनुबंधों की तुलना में व्यावसायिक अनुग्रह से संबंधित कानूनी आवश्यकताएं सरकारी अनुबंधों पर सख्त हो सकती हैं। सरकारी अनुबंधों पर काम करते समय हमें उन आवश्यकताओं का पालन करना चाहिए।

# हम सत्यनिष्ठा के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय और व्यापार का संचालन करते हैं




केबीआर दुनिया भर में अपने व्यावसायिक स्थानों पर सत्यनिष्ठा के उच्च मानकों को लागू करता है। सत्यनिष्ठा के साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का संचालन करने से हमें मदद मिलती है; इस प्रकार से हम एक बेहतर और सुरक्षित दुनिया बनाने का प्रयास करते हैं। हम कभी भी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों का उल्लंघन नहीं करते हैं, जिसमें निर्यात और आयात कानून, साथ ही प्रतिबंध शामिल हैं। ये कानून स्थान के आधार पर भिन्न हो सकते हैं, और हम उन्हें जानने और उनका पालन करने के लिए ज़िम्मेदार हैं। अनुपालन नहीं करने पर प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुँच सकता है, जुर्माना लगाया जा सकता और यहाँ तक कि कारावास भी हो सकता है।

## हम किस प्रकार सत्यनिष्ठा के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय और व्यापार का संचालन करते हैं

- व्यापार कानूनों और विनियमों को पहले जाने बिना कभी भी विदेश में व्यापार करने का प्रयास नहीं करें
- सभी व्यापार कानूनों और विनियमों का पालन करें
- निर्धारित करें कि क्या किसी विदेशी व्यक्ति के साथ तकनीकी डेटा साझा करना निर्यात समझा जाएगा
- कोई भी आवश्यक निर्यात लाइसेंस, आयात लाइसेंस और अन्य प्राधिकरण प्राप्त करना सुनिश्चित करें
- सभी अमेरिका विरोधी बहिष्कार नियमों का पालन करें
- अमेरिकी ट्रेज़री विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) और अन्य देशों के मंज़ूरी देने वाले सरकारी अधिकारियों द्वारा लगाए गए सभी प्रतिबंधों और अन्य व्यापार प्रतिबंधों का अनुपालन करें
- व्यापार से संबंधित सभी मामलों पर मार्गदर्शन के लिए केबीआर विधि विभाग के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन कार्यालय (आईटीसीओ) के साथ परामर्श करें
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित सभी केबीआर नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करें

**और जानें**

Export Compliance Manual
International Trade Compliance Office

# हम निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करते हैं

हम ऐसे समाधान प्रदान करते हैं जो दुनिया भर में हमारे ग्राहकों को उनके सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं, और हम अपने व्यवसाय निष्पक्षता से हासिल करते हैं। स्पष्ट और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा हमें सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित करती है और हमें कुछ नया करने के लिए उत्साहित करती है। बाज़ार में हम कभी भी अनुचित लाभ हासिल नहीं करना चाहते हैं। इस तरह से न केवल हमारे ग्राहकों और व्यापार भागीदारों के साथ हमारे संबंधों को नुकसान पहुँचेगा, बल्कि इसके गंभीर कानूनी परिणाम भी हो सकते हैं।

## हम किस प्रकार निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करते हैं

- सभी लागू स्पर्धारोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करें
- किसी प्रतियोगी के साथ निम्नलिखित के संबंध में कभी भी चर्चा या करार न करें:
    - कीमतें
    - बिक्री या सेवा की शर्तें
    - वितरण
    - क्षेत्र
    - ग्राहक
- व्यापार संघों या उद्योग बैठकों के माध्यम से प्रतियोगियों के साथ सूचना आदान-प्रदान में संलग्न होने से पहले केबीआर विधि विभाग से मार्गदर्शन लें
- प्रतियोगियों के उत्पादों या सेवाओं के बारे में कभी भी झूठे दावे न करें
- प्रतिस्पर्धियों द्वारा किसी अवैध समझौते में प्रवेश करने के किसी भी प्रयास या प्रतिस्पर्धी से हमें प्राप्त होने वाली किसी भी मूल्य निर्धारण या बोली जानकारी के बारे में तुरंत केबीआर विधि विभाग को रिपोर्ट करें




### जवाब देना

**प्रश्न** मैं व्यवसाय विकास विभाग में काम करता/करती हूँ। हाल ही में एक ट्रेड शो में, मेरी मुलाकात पूर्व सहकर्मी से हुई जो अब किसी प्रतियोगी के लिए काम करती हैं। उन्होंने मुझे एक उद्योग समूह के साथ एक अलग बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जो बेंचमार्किंग उद्देश्यों के लिए व्यावसायिक प्रक्रियाओं और प्रदर्शन मैट्रिक्स का आदान-प्रदान करना चाहता है। क्या मुझे बैठक में भाग लेना चाहिए?

**उत्तर** प्रतियोगियों के साथ केबीआर की जानकारी साझा करना स्पर्धारोधी कानूनों का उल्लंघन कर सकता है, भले ही उद्देश्य उद्योग बेंचमार्क स्थापित करना हो। उपस्थित होने का निर्णय लेने से पहले विधि विभाग से परामर्श करें।

# हम ईमानदारी से प्रदर्शन करते हैं

हम किसी भी चुनौती का सामना करने से डरते नहीं हैं, लेकिन हम ईमानदारी से ऐसा करते हैं। हम केबीआर का सच्चाई से प्रतिनिधित्व करके अपने ग्राहकों और व्यवसाय भागीदारों के साथ विश्वास का निर्माण करते हैं और इसे कायम रखते हैं। कर्मचारियों के रूप में, हमारे पास उन परिसंपत्तियों तक भी पहुँच हासिल है जिन्हें केबीआर ने अपने लंबे समय से संचित किया है। हम इन परिसंपत्तियों और संसाधनों का उपयोग केवल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करते हैं। हमारी परिसंपत्तियों का कोई भी लापरवाही से या कपटपूर्ण उपयोग हमारे सर्वोत्तम होने की हमारी क्षमता को कम करता है।

## हम किस प्रकार ईमानदारी से प्रदर्शन करते हैं

- सभी मार्केटिंग सामग्री में हमारे उत्पादों और सेवाओं के बारे में सच्चा विवरण प्रदान करें
- ग्राहकों और व्यावसायिक भागीदारों के साथ बातचीत करते समय उन्हें कभी भी गुमराह न करें या जबर्दस्ती बिक्री न करें
- सभी कार्यान्वयन समयरेखाओं का सटीक अनुमान लगाएं, और ईमानदारी से परिवर्तनों की जानकारी दें
- हमारे समाधानों को उजागर करते समय प्रतियोगियों की कभी भी उपेक्षा न करें
- केवल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए फ़ंड्स सहित केबीआर परिसंपत्तियों का उपयोग करें
- कभी भी केबीआर के फ़ंड या अन्य परिसंपत्तियों का दुरुपयोग न करें
- ईमानदारी से और सही ढंग से खर्चों और कार्य घंटों की सूचना दें

## जवाब देना

**प्रश्न** कई वर्षों से, मेरी अपने बिक्री पर्यवेक्षक, जॉर्ज से अच्छी दोस्ती है। हम अपनी पत्नियों के साथ पिछले सप्ताहांत एक साथ बाहर गए और बहुत अच्छा समय बिताया। मैंने देखा कि जॉर्ज ने हमारे भोजन का भुगतान करने के लिए अपने कंपनी क्रेडिट कार्ड का उपयोग किया। मैंने उनसे बाद में इसके बारे में पूछा, और उन्होंने बताया कि इसमें चिंता करने की कोई ज़रूरत नहीं है। मैं अभी भी असहज महसूस करता हूँ क्योंकि मुझे लगता है कि कंपनी के फ़ंड्स का इस प्रकार से उपयोग करना अनुचितथा। क्या यह उचित था?

**उत्तर** नहीं आपके पर्यवेक्षक को व्यक्तिगत खर्च के भुगतान के लिए कंपनी कार्ड का उपयोग नहीं करना चाहिए था। झूठे खर्च प्रस्तुत करना धोखाधड़ी है और इस संहिता द्वारा निषिद्ध है। क्योंकि जॉर्ज आपके पर्यवेक्षक हैं, आपको समस्या के बारे में रिपोर्ट करने के लिए एथिक्स हॉटलाइन का उपयोग करना चाहिए।

**प्रश्न** एक शोध परियोजना से जुड़े इंजीनियर के रूप में, मैं हमेशा अपने घंटों के बारे में सही और उपयुक्त चार्ज कोड के साथ रिपोर्ट करता हूँ। हाल ही में, मेरे प्रबंधक ने मुझे अपने कार्य घंटों को अलग चार्ज कोड पर रिपोर्ट करने के लिए कहा, भले ही यह लगता हो कि ऐसा उस परियोजना के लिए किया जा रहा है जिस पर मैंने काम नहीं किया था। मैं अपने कार्य घंटों को किसी अन्य परियोजना कोड में रिपोर्ट करने के लिए अनिच्छुक हूँ। मुझे क्या करना चाहिए?

**उत्तर** आपको अपने प्रबंधक से स्पष्टीकरण मांगना चाहिए। अक्सर एक ही परियोजना के लिए कई चार्ज कोड का उपयोग किया जाता है, और ग्राहक किसी अन्य चार्ज कोड का उपयोग किया जाना पसंद कर सकता है। हालाँकि, यदि आपको संदेह है कि आपको उस परियोजना के लिए कार्य घंटों की रिपोर्ट करने के लिए कहा जा रहा है जिस पर आप काम नहीं कर रहे हैं, तो आपको इस मुद्दे को एक विभाग/परियोजना प्रमुख, पीपल फ़ंक्शन (मानव संसाधन विभाग), विधि विभाग, बिजनेस इंटीग्रिटी टीम या एथिक्स हॉटलाइन को रिपोर्ट करना चाहिए।



# हमारी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों को महत्व देना

- हम गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी की रक्षा करते हैं
- हम अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करते हैं
- हम गोपनीय और मालिकाना जानकारी की रक्षा करते हैं
- हम भेदिया व्यापार को रोकते हैं

# हम गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी की रक्षा करते हैं

एक बड़ी, वैश्विक कंपनी के रूप में, हम व्यवसाय करने के दौरान कर्मचारियों और ग्राहकों से व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं। अपने हितधारकों की जानकारी और गोपनीयता अधिकारों की रक्षा करते समय हम दिखाते हैं कि हम उन्हें महत्व देते हैं। हम उनका विश्वास हासिल करते हैं और उसे कायम भी रखते हैं, जो हमारी निरंतर सफलता की आधारशिला है। हम व्यक्तिगत जानकारी और डेटा की रक्षा करते हैं जो हमारे विकास के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे बहुस्तरीय सुरक्षा उपाय सूचना परिसंपत्तियों की रक्षा करते हैं और लागू कानूनों के अनुसार हमारे सभी हितधारकों के लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक जानकारी दोनों की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

## हम किस प्रकार गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी की रक्षा करते हैं

- केवल अधिकृत उपयोगकर्ताओं द्वारा ही हमारी सूचना प्रणाली तक पहुँच सुनिश्चित करें
- कर्मचारियों को केवल उनकी नौकरियों के लिए आवश्यक डेटा तक पहुँच प्रदान करें
- केबीआर डेटा का केवल सुरक्षित, केबीआर द्वाराअनुमोदित उपकरणों पर संग्रह सुनिश्चित करें
- कभी भी संदिग्ध ईमेल अटैचमेंट या हाइपरलिंक न खोलें
- केवल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए आवश्यक व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (पीआईआईआई) एकत्र करें और सुरक्षित करें
- सभी गोपनीयता और डेटा सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करें

## व्यक्तिगत जानकारी

व्यक्तिगत जानकारी के कई रूप हो सकते हैं। जैसे कि:

- पूरा नाम
- सोशल सेक्योरिटी नंबर
- ड्राइविंग लाइसेंस नंबर
- क्रेडिट कार्ड नंबर
- घर का पता
- व्यक्तिगत ईमेल पता
- व्यक्तिगत फ़ोन नंबर

व्यक्तिगत जानकारी में ऐसी एक जानकारी शामिल होती है जो किसी विशिष्ट व्यक्ति की पहचान कर सके। हालाँकि, किसी विशिष्ट व्यक्ति की पहचान में उपयोग के लिए अन्य प्रकार की जानकारी को जोड़ने पर भी किसी विशिष्ट व्यक्ति की पहचान करने के लिए व्यक्तिगत जानकारी हासिल की जा सकती है। इनमें से कुछ अन्य प्रकार की जानकारी इस प्रकार से हैं:

- जन्म तिथि और स्थान
- कार्य या व्यावसायिक फ़ोन नंबर
- चिकित्सा जानकारी
- शिक्षा की जानकारी
- जाति और धर्म

इन सभी प्रकार की सूचनाओं से अवगत रहें और उनका सुरक्षित रखरखाव सुनिश्चित करें।

## हमारी संचार अवसंरचनाएँ

केबीआर व्यक्तिगत जानकारी सहित अपनी संचार अवसंरचना में काफी मात्रा में डेटा संग्रहीत करता है। हमारे कंप्यूटर, सर्वर, मोबाइल डिवाइस, सॉफ़्टवेयर और अन्य प्रौद्योगिकियां हमें विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करती हैं। अवसंरचना की रक्षा करते समय हम इसमें मौजूद सभी डेटा की सुरक्षा भी कर रहे होते हैं।

हम अपने सभी संचार प्रणालियों को हर समय सुरक्षित और सलामत रखते हैं। इसका अर्थ है उन उपकरणों की मरम्मत या प्रतिस्थापन जो पुराने या क्षतिग्रस्त हैं, साइट पर और साइट के बाहर कठिन पासवर्ड और अन्य सुरक्षाउपयोग से सभी सुरक्षा-संबंधित अपडेट लागू करना और डेटा के हस्तांतरण और निपटान के लिए सभी प्रोटोकॉल का पालन करना।

## और जानें

Global Data Privacy Policy
Data Privacy and GDPR

# हम अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करते हैं

पिछले सौ से अधिक वर्षों के दौरान, केबीआर ने नवीन प्रौद्योगिकी और समाधान देने की प्रतिष्ठा बनाई है। उस प्रतिष्ठा और हमारे व्यावसायिक संबंधों की रक्षा के लिए, हम एक टीम के रूप में बातचीत करते हैं। हमारे हितधारक केबीआर के बारे में सच्ची और सुसंगत जानकारी पाने के पात्र हैं, और हमारे नामित प्रवक्ता इसकी अदायगी सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर केबीआर का उल्लेख करते समय हम हमेशा सावधान रहते हैं।

## हम किस प्रकार अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करते हैं

- बाहरी पूछताछ के लिए उपयुक्त कर्मियों से संपर्क करें
- सोशल मीडिया पर या किसी अन्य संवाद में केबीआर के रूप में अपने व्यक्तिगत विचारों का प्रतिनिधित्व कभी न करें
- हमारे उत्पादों या सेवाओं का समर्थन करते समय खुद की पहचान केबीआर कर्मचारी के रूप में कराएं
- व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते समय या व्यक्तिगत या व्यावसायिक खातों का उपयोग करते समय कंपनी के बारे में टिप्पणी करते समय संहिता और अन्य कंपनी नीतियों का पालन करें
- केबीआर की सोशल मीडिया नीति का पालन करें



### सोशल मीडिया का उपयोग

सोशल मीडिया प्रत्यक्ष संचार, सूचना एकत्र करने और कनेक्शन निर्माण का एक शक्तिशाली उपकरण है। हम अपने संदेश और दृष्टिकोण को साझा करने और दूसरों को हमारे नवाचारों और योगदानों पर नई जानकारी प्रदान करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं।

हम यह भी जानते हैं कि ऑनलाइन संचार सकारात्मक और नकारात्मक दोनों हो सकता है। केबीआर के बारे में पोस्ट करते समय हम हमेशा सावधानी बरतते हैं। अपनी पोस्ट में हम कभी भी गलत जानकारी नहीं देते हैं, न ही हम गोपनीय जानकारी साझा करते हैं और न ही सोशल मीडिया का उपयोग उस तरह से करते हैं जिससे केबीआर की सोशल मीडिया नीति का उल्लंघन होता हो। इसके अलावा, सोशल मीडिया के कारण केबीआर के प्रति हमारी ज़िम्मेदारियों में हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। हम कभी भी सोशल मीडिया के व्यक्तिगत उपयोग के कारण काम पर रहते हुए खुद को विचलित नहीं होने देते हैं।

### और जानें

Social Media Policy

# हम गोपनीय और मालिकाना जानकारी की रक्षा करते हैं

बौद्धिक संपदा (आईपी) सहित हमारी गोपनीय और मालिकाना जानकारी हमें अलग पहचान दिलाती है। हम अपने अनोखे समाधानों के माध्यम से अपने प्रतियोगियों से खुद को अलग करते हैं, और हमें अपनी मेहनत से अर्जित अंतर्दृष्टि और नवाचारों की रक्षा करनी चाहिए। अपनी विकास यात्रा में ये व्यावसायिक परिसंपत्तियां हमें अपने ग्राहकों और व्यवसाय भागीदारों की सेवा जारी रखने में मदद करेंगी।

केबीआर में काम करने के दौरान, हमारे पास अपने स्वयं के या व्यावसायिक भागीदार की गोपनीय जानकारी तक पहुँच हो सकती है, जिसमें हमारे ग्राहकों की मालिकाना जानकारी भी शामिल है। हम इस जानकारी के साथ कभी भी लापरवाही नहीं बरतते हैं। गोपनीय और मालिकाना जानकारी का अनधिकृत साझाकरण केबीआर और उसके ग्राहकों को नुकसान पहुँचा सकता है या हमारे प्रतियोगियों की सहायता कर सकता है।

## हम गोपनीय और मालिकाना जानकारी की रक्षा किस प्रकार करते हैं

- केबीआर या हमारे व्यवसाय भागीदारों की गोपनीय और मालिकाना जानकारी का उपयोग कभी न करें, सिवाय तब जब इसका अधिकार दिया गया हो।
- पूर्व-अधिकार के बिना कभी भी केबीआर की गोपनीय और मालिकाना जानकारी, या किसी व्यावसायिक भागीदार की जानकारी का खुलासा न करें
- केबीआर छोड़ते समय कभी भी केबीआर या हमारे व्यावसायिक भागीदारों की गोपनीय या मालिकाना जानकारी न लें या उसका उपयोग न करें
- केबीआर में काम करते समय कभी भी पिछली नौकरियों की गोपनीय या मालिकाना जानकारी का उपयोग न करें
- केबीआर के और साथ ही दूसरों की कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क पर सभी प्रतिबंधों का पालन करें
- बिज़नेस सॉफ़्टवेयर जैसी तीसरे पक्ष की संपत्ति का उपयोग करते समय सभी लाइसेंसिंग शर्तों का पालन करें
- प्रभावी लॉक और पासवर्ड के साथ सभी दस्तावेज़ों, डेटा और उपकरणों को सुरक्षित करें
- सार्वजनिक स्थानों, जैसे लिफ़्ट और कैफ़े में गोपनीय जानकारी पर कभी भी चर्चा न करें
- सुनिश्चित करें कि केवल अधिकृत कर्मचारी ही कार्यस्थलों तक पहुँच सकते हों, और सभी आगंतुकों का अनुरक्षण करें
- घर से काम करने सहित कार्यालय के बाहर काम करते समय उचित सुरक्षा उपायों को लागू करें
- किसी भी डेटा या सुरक्षा उल्लंघनों की तुरंत रिपोर्ट करें

सामरिक व्यवसाय जानकारी

मालिकाना जानकारी

बौद्धिक संपदा

**सत्यनिष्ठा को चुनना**

मार्केटिंग की जानकारी

गैर-सार्वजनिक वित्तीय जानकारी

गोपनीय और मालिकाना जानकारी के कई रूप हो सकते हैं। उदाहरण के लिए गोले पर क्लिक करें।

### और जानें

Critical Assets Management

Data/Document Classification and Management of Proprietary Information

# हम भेदिया व्यापार को रोकते हैं

हमारी सामरिक व्यावसायिक जानकारी हमेशा जनता के लिए तुरंत उपलब्ध नहीं होती है। सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनी के रूप में, हम व्यक्तिगत लाभ के लिए ऐसी सामग्री, गैर-सार्वजनिक जानकारी का उपयोग या उसे साझा नहीं करते हैं। हमारे व्यवसाय साझेदार भी अपनी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए हम पर भरोसा करते हैं, और हम उस विश्वास को कभी धोखा नहीं देते हैं। भेदिया व्यापार का कोई भी रूप, जिसमें "टिपिंग" या अंदर की जानकारी साझा करना शामिल है, अवैध होता है। ऐसा करने से हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान होगा और गंभीर कानूनी दंड भुगतने पड़ सकते हैं।

## हम किस प्रकार भेदिया व्यापार को रोकते हैं

- परिवार और दोस्तों सहित केबीआर के बाहर किसी के साथ कभी भी अंदर की जानकारी साझा न करें
- अंदर की गैर-सार्वजनिक जानकारी होने पर केबीआर या किसी अन्य कंपनी में कभी भी शेयर न खरीदें और न बेचें
- केवल उन कर्मचारियों के साथ जानकारी साझा करें जिन्हें व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए जानना आवश्यक है
- कभी भी केबीआर के बाहर ऐसे किसी व्यक्ति को "टिप" न दें या जानकारी साझा न करें जो उसका उपयोग प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने के लिए कर सकता है
- कभी भी गलत जानकारी फैलाकर स्टॉक की कीमत में हेरफेर करने का प्रयास न करें



## अंदर की जानकारी

महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी, या अंदर की जानकारी के कई रूप हो सकते हैं। बहुत सारी गैर-सार्वजनिक जानकारी अंततः सार्वजनिक कर दी जाएगी। किसी जानकारी को "अंदर" की जानकारी तब कहा जाता है जब जनता को उसकी जानकारी न हो। नीचे कुछ उदाहरण हैं:

- आगामी विलय या अधिग्रहण का विवरण
- विशेष लाभांश
- नई परियोजनाओं के बारे में किसी नए उत्पाद का शुभारंभ या गैर-सार्वजनिक जानकारी का प्रकटन
- केबीआर वित्तीय परिणाम
- जारी मुकदमे के बारे में जानकारी
- किसी जाँच या लेखा परीक्षा से प्राप्त निष्कर्ष
- हमारे ग्राहकों सहित अन्य कंपनियों के बारे में महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी, जिसका पता हमें केबीआर में अपनी भूमिका निभाते समय हो सकता है




# पारदर्शिता से काम करना

- हम सरकारी ग्राहकों के साथ नैतिक और पारदर्शी रूप से काम करते हैं
- हम आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों के साथ नैतिक रूप से काम करते हैं
- हम सटीक रिकॉर्ड और खाते बनाए रखते हैं

# हम सरकारी ग्राहकों के साथ नैतिक और पारदर्शी रूप से काम करते हैं

हमें अमेरिकी सरकार और दुनिया भर की अन्य सरकारों को समाधान प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त है। हम समझते हैं कि सरकारी काम में विशेष ज़िम्मेदारियों और कानूनी और नैतिक दायित्वों का पालन करना शामिल है, और हम उन्हें पूरी तरह से अपनाते हैं। सत्यनिष्ठा के हमारे उच्च मानक हमारे सभी ग्राहकों पर लागू होते हैं, लेकिन हम सार्वजनिक धन के उपयोग को लेकर विशेष सावधानी बरतते हैं। केबीआर सरकारी अनुबंधों से संबंधित सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करता है। इन कानूनों और नियमों का पालन करने में असफलता वर्तमान और भविष्य के सरकारी अनुबंधों को खतरे में डाल सकती है।

## हम किस प्रकार सरकारी ग्राहकों के साथ नैतिक और पारदर्शी रूप से काम करते हैं

- हमारी सभी प्रतिबद्धताओं को हर तरह से पूरा करें
- आवश्यकतानुसार लागत और शेड्यूल सहित अनुबंध के सभी पहलुओं को पारदर्शी रूप से साझा करें
- अनुबंधों का उचित प्रबंधन करें और कार्य प्रदर्शन के लिए पर्याप्त निरीक्षण प्रदान करें
- कभी भी सरकारी अधिकारियों या राज्य एजेंसियों के कर्मचारियों को ऐसी कोई भी मूल्यवान वस्तु न दें जिससे लागू कानूनों और विनियमों का उल्लंघन होता हो
- कार्य घंटों की रिपोर्ट सहित सटीक और सत्य रिकॉर्ड बनाए रखें और उन्हें जमा करें
- ग्राहकों को या किसी भी सरकारी दस्तावेज़ पर कभी भी झूठे दावे, बयान या गलत बयानी न दें
- सरकारी अनुबंधों से संबंधित सभी आवश्यक प्रशिक्षण में भाग लें
- सभी सरकारी खरीद कानूनों, नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करें
- सुनिश्चित करें कि सभी केबीआर कर्मचारी, विक्रेता और अनुबंधकर्ता केबीआर की व्यवसाय आचरण और आपूर्तिकर्ता आचार संहिता के बारे में जानते हों, और उसका पालन करते हों



### और जानें

Contractor Code of Business Ethics and Conduct Compliance Policy



# हम आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों के साथ नैतिक रूप से काम करते हैं

हम अपने सभी हितधारकों के लिए असाधारण, स्थायी मूल्य प्रदान करते हैं। इस प्रतिबद्धता का हर समय पालन सुनिश्चित करने के लिए, हम उन आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों के साथ काम करते हैं जो हमारे उच्च मानकों को साझा करते हैं। अपनी सत्यनिष्ठा से समझौता किए बिना, हम व्यावसायिक संबंधों का निर्माण और रखरखाव हर समय पूर्ण आदर्शों के साथ करने का प्रयास करते हैं। गुणवत्ता और सत्यनिष्ठा से जुड़ी हमारी प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए, हम आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों के साथ काम करते समय निष्पक्ष और कठोर दोनों होते हैं।

## हम किस प्रकार आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों के साथ नैतिक रूप से काम करते हैं

- संबंध के व्यावसायिक मूल्य पर ध्यान दिए बिना, सभी आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों के साथ उचित व्यवहार करें
- ऐसे आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों की तलाश करें जो हमारे मूल्यों को साझा करते हैं और साथ ही व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमारी सहायता करते हैं
- मूल्य, गुणवत्ता, उपलब्धता और तकनीकी उत्कृष्टता जैसे व्यावहारिक मानदंडों के आधार पर आपूर्तिकर्ताओं और तीसरे पक्षों का चयन करें
- व्यावसायिक मुद्दों के उत्पन्न होने पर उनको हल करने के लिए स्पष्टता और ईमानदारी से बातचीत करें
- सुनिश्चित करें कि हमारे आपूर्तिकर्ता और तीसरे पक्ष के भागीदार नैतिक हों, कानून का पालन करते हों और हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता का अनुसरण करते हों

### और जानें

KBR Supplier Code of Conduct

Procurement and Supply Chain Management

# हम सटीक रिकॉर्ड और खाते बनाए रखते हैं

सत्यनिष्ठा के साथ सटीक रिकॉर्ड और खाते बनाए रखने से हमें भविष्य की योजना बनाने में मदद मिलती है और हमारे हितधारक आश्वस्त होते हैं। सामरिक निवेश और निर्णय सावधानीपूर्वक रखे गए रिकॉर्ड और खातों पर निर्भर करते हैं; ये कानून के अनुपालन पर भी निर्भर करते हैं। सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनी के रूप में, हम उन देशों के कानूनों और विनियमों के अनुसार निवेशकों और सरकारी एजेंसियों के लिए समय पर, सटीक रिकॉर्ड प्रदान करने के लिए ज़िम्मेदार हैं जिनमें हम काम करते हैं।

## हम किस प्रकार सटीक रिकॉर्ड और खाते बनाए रखते हैं

- वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए पर्याप्त आंतरिक लेखांकन नियंत्रण की प्रणाली बनाए रखें
- आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों, वैधानिक आवश्यकताओं और सभी आंतरिक नियंत्रणों का अनुपालन करें
- ईमानदारी से और अतिशयोक्ति के बिना खातों, रिपोर्टों और प्राप्तियों को बनाए रखें
- सभी भुगतानों सहित सभी लेखांकन रिकॉर्ड, कंपनी की संपत्ति के लेनदेन और निपटान को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हों, ऐसा सुनिश्चित करें
- सभी लेनदेन हमारी नीतियों और प्रक्रियाओं के तहत अधिकृत हैं और लेनदेन की वैधता को सत्यापित करने के लिए प्रलेखन द्वारा समर्थित हैं, ऐसा सुनिश्चित करें
- सभी परिसंपत्तियों, देनदारियों, राजस्व और खर्चों को विशेष रूप से आंतरिक, सार्वजनिक और नियामक रिपोर्टिंग के लिए या उसके हिस्से के रूप में तैयार किए गए वित्तीय विवरणों, रिपोर्टों और डेटा के संबंध में पूरी तरह से और समयबद्ध तरीके से रिकॉर्ड करें।
- कभी भी ऐसे फ़ंड या परिसंपत्तियां स्थापित न करें जो गुप्त हों या रिकॉर्ड न की गई हों
- गलत या भ्रामक रिकॉर्ड से जुड़ी किसी भी चिंता के बारे में आंतरिक लेखा परीक्षा, मुख्य लेखा अधिकारी, विधि विभाग, बिज़नेस इंटीग्रिटी टीम या एथिक्स हॉटलाइन को रिपोर्ट करें
- सभी प्रासंगिक कानूनों और नियमों का पालन करें, जिसमें सर्बनेस-ऑक्सले अधिनियम, विदेशी भ्रष्ट अभ्यास अधिनियम और कोई भी लागू भ्रष्टाचार विरोधी या धन-शोधन विरोधी नियम शामिल हैं



वित्तीय रिकॉर्ड के अलावा, कंपनी रिकॉर्ड के कई रूप हो सकते हैं। जैसे कि:

- ईमेल, पत्र, ज्ञापन, सोशल मीडिया पोस्ट, टेक्स्ट मैसेज और पत्राचार के अन्य रूप
- नीतियां और प्रक्रियाएँ
- अनुबंध
- रिपोर्ट, विश्लेषण, सूत्र, कार्यक्रम और प्रस्तुतियाँ
- कार्मिक फ़ाइलें

अपने रिकॉर्ड का प्रबंधन करते समय, हम अपनी रिकॉर्ड प्रतिधारण अनुसूची का पालन करते हैं। ज़रूरत पड़ने पर पहुँच सुनिश्चित करने के लिएनिर्धारित अवधि के लिए रिकॉर्ड रखे जाते हैं। इसके अलावा, हम आवश्यकता पड़ने पर कंपनी के रिकॉर्ड पर सभी कानूनी अधिकारों का अनुपालन करते हैं।

### और जानें

Content and Records Management Policy



# अपने समुदायों को महत्व देना

- हम एक स्थायी भविष्य का निर्माण कर रहे हैं
- हम मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं
- हम अपने समुदायों के साथ जुड़ाव रखते हैं



# हम एक स्थायी भविष्य का निर्माण कर रहे हैं

केबीआर में, हमारी सभी गतिविधियों का आधार स्थायित्व है। यह हमारे समुदायों, हमारे लोगों और भावी पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह का समर्थन करने के लिए हमारे दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करता है। हम अपनी पृथ्वी को लाभान्वित करने वालीनई तकनीकों को लगातार विकसित करने का प्रयास करते हैं। हमारे जलवायु अनुकूल, स्थायी समाधान, जैसे कि हमारी प्लास्टिक रीसाइक्लिंग तकनीक, परिपत्र अर्थव्यवस्था बनाने में मदद कर रही है और हमें अपने ग्राहकों को उनके स्थायित्व संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने में मदद कर रहे हैं। प्रत्येक परियोजना और व्यावसायिक गतिविधि जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण की रक्षा और पुनर्जनन के अवसर के रूप में कार्य करती है।

## हम किस प्रकार स्थायी भविष्य का निर्माण करते हैं

- ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन को कम करने के लिए विज्ञान आधारित लक्ष्य पहलों के लिए प्रतिबद्ध रहें
- संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट में भाग लें
- पुनर्जनन का समर्थन करते हुए पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभावों को कम करें
- केबीआर की संस्कृति के केंद्र में पर्यावरण और सामाजिक आधारों को शामिल करें

### और जानें

Global Sustainability Policy

Global Environmental Policy

KBR Sustainability Pillar Commitments

KBR Zero Harm

KBR Sustainability



# हम मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं

एक वैश्विक कंपनी के रूप में, केबीआर उच्चतम मानवाधिकार मानकों का सम्मान और पालन करता है और मानव अधिकारों के उल्लंघन के किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं करता है। हम मानते हैं कि मानव तस्करी, आधुनिक दासता और बाल श्रम जघन्य अपराध हैं। सैकड़ों देशों में हज़ारों आपूर्तिकर्ताओं के साथ, हम अपने व्यवसाय के प्रत्येक स्थान पर मानवाधिकारों का सम्मान सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाते हैं। लोगों को महत्व देने का अर्थ है हमारे सभी समुदायों में मानवीय गरिमा की रक्षा करना।

## हम किस प्रकार मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं

- सभी केबीआर कर्मचारियों को सुरक्षित परिस्थितियों में काम के लिए न्यायोचित और उचित कार्य घंटे और मुआवजा मिलना सुनिश्चित करें
- आपूर्तिकर्ता और तीसरे पक्ष न्यायोचित श्रम मानकों और मानवाधिकारों के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए उचित जाँच-पड़ताल करें
- दुनिया में कहीं भी बाल या जबरन श्रम का उपयोग न करें
- केवल प्रतिष्ठित तीसरा पक्ष रोज़गार और भर्ती एजेंसियों का उपयोग करें
- संभावित मानवाधिकारों के उल्लंघन की रिपोर्ट तुरंत एथिक्स हॉटलाइन, बिजनेस इंटीग्रिटी टीम या विधि विभाग को करें
- सभी लागू कानूनों, नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करें, और मानवीय गरिमा की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएँ

### और जानें

Global Human Rights Policy

Trafficking in Persons Policy

# हम अपने समुदायों के साथ जुड़ाव रखते हैं

केबीआर में, हम मानते हैं कि दुनिया में बदलाव के लिए एक सकारात्मक शक्ति बनना हमारी ज़िम्मेदारी है। हमारा कर्तव्य है कि हम सामाजिक मूल्य बनाएं और उन समुदायों की भलाई में योगदान दें जहाँ हम रहते हैं और काम करते हैं। अपने मिशन को आगे बढ़ाने में, हमने हमेशा सभी के लिए एक बेहतर, सुरक्षित दुनिया बनाने का प्रयास किया है।

## कैसे हम अपने समुदायों के साथ जुड़ाव रखते हैं

- स्वयंसेवक और धर्मार्थ गतिविधियों में भाग लें
- सहयोग, परामर्श और संचार के माध्यम से कार्य स्थल पर स्थानीय समुदायों के साथ स्थायी सकारात्मक प्रभाव बनाने का प्रयास करें
- दान करते समय या केबीआर के नाम पर योगदान करते समय हमारी भ्रष्टाचार विरोधी प्रक्रियाओं का पालन करें
- हमारी नैतिकता और कार्य ज़िम्मेदारियों से तालमेल बिठाते हुए सामुदायिक जुड़ाव प्रयासों का प्रबंध करें

## योगदान करना

2007 से, केबीआर ने दुनिया भर में धर्मार्थ कारणों को लाभ पहुँचाने के लिए लगभग $20 मिलियन का योगदान दिया है। हमारे लोगों ने गरीब बच्चों को कपड़े और स्कूल की आपूर्ति दान की है, ज़रूरतमंद लोगों को क्रिसमस उपहार देने के लिए हज़ारों डॉलर जुटाए हैं, और दुनिया भर के जलमार्गों और समुद्र तटों को साफ करने में मदद की है। ये कुछ उदाहरण हैं जो बताते हैं कि हम अपने लोगों की परवाह करते हैं।

## राजनीति में भाग लेना

हम सभी को राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार है। लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था न्यायोचित समाज का निर्माण करती है। राजनीति में भाग लेते हुए हम:

- राजनीतिक प्रभाव और अभियान योगदान के संबंध में हमेशा लागू कानूनों का पालन करें
- हमेशा स्पष्ट करें कि आपके विचार निजी हैं, केबीआर के नहीं हैं
- अपनी राजनीतिक गतिविधियों के कारण कभी भी अपनी कार्य ज़िम्मेदारियों में बाधा न पहुँचने दें
- अपने राजनीतिक कारणों में शामिल होने के लिए सहकर्मियों पर कभी दबाव न डालें
- पूर्व अनुमोदन के बिना केबीआर की ओर से कभी भी राजनीतिक योगदान न करें



# संसाधन और रिपोर्टिंग

# संसाधन और रिपोर्टिंग

एक केबीआर के रूप में, हम सभी के उद्देश्य साझा हैं: अपने ग्राहकों, शेयरधारकों, कर्मचारियों और हमारे द्वारा सेवित समुदायों के लाभ के लिए किसी भी समय, किसी भी वातावरण में किसी भी परियोजना को सुरक्षित रूप से पूरा करना। हमारी संहिता हमें उन दिशानिर्देशों की जानकारी देती है जो सत्यनिष्ठा के साथ सफलता हासिल करने के लिए ज़रूरी है। अधिक जानकारी या मार्गदर्शन के लिए, नीचे दिए गए संसाधनों से परामर्श करें।

## सामान्य संसाधन

- बिज़नेस इंटीग्रिटी टीम
- विधि विभाग
- लेखा परीक्षा सेवाएं
- पीपल फ़ंक्शन (मानव संसाधन विभाग)
- स्वास्थ्य, सुरक्षा, सलामती और पर्यावरण
- कॉर्पोरेट स्थायित्व

## रिपोर्टिंग संसाधन

- एथिक्स हॉटलाइन
  - वेब:
    - www.ethics.kbr.com
  - कॉल करें:
    - संयुक्त राज्य अमेरिका: (800) 461-9330
    - यूनाइटेड किंग्डम: 0808 189 1053
    - अन्य सभी देशों में टेलीफोन नंबरों के लिए, www.ethics.kbr.com से संपर्क करें
  - 832-479-1340 पर "Report" टेक्स्ट करें (केवल अमेरिका में उपलब्ध)
- ईमेल
  - FHOUKBR – CODE
  - fhoukbrcode@kbr.com
- मेल
  - बिज़नेस इंटीग्रिटी निदेशक, केबीआर, इंक.
  - पी.ओ. बॉक्स 2464, ह्यूस्टन, टीएक्स 77252-2464 यूएसए





समाधान देना, दुनिया बदलना।SM